भवन रंगीला मां का

भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

ब्रह्माणी ने चुनर ओढ़ी ब्रह्मा का मन डोला है,
ऐसे शंकधारी का सिंहासन फूलों वाला है,
भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

लक्ष्मी जी ने चुनर ओढ़ी विष्णु का मन डोला है,
ऐसे चक्र धारी का सिंहासन नागो वाला है,
भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

गोरा जी ने चुनर ओढ़ी भोले का मन डोला है,
ऐसे डमरू धारी का कमंडल पीला पीला है,
भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

सीता जी ने चुनर ओढ़ी रामा का मन डोला है,
ऐसे धनुषधारी का पीतांबर पीला पीला है,
भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

राधा जी ने चुनर ओढ़ी कान्हा का मन डोला है,
ऐसे मुरली वाले का पीतांबर नीला नीला है,
भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

मैया जी ने चुनर ओढ़ी भक्तों का मन डोला है,
ऐसी जग कल्याणी की सवारी पीली पीली है,
भवन रंगीला मां का शेर पीला पीला है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27327/title/bhawan-rangila-maa-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |